Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक- 108 | सागवाड़ा, शनिवार, 18 दिसम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## 24 घंटे में 32 कोरोना पॉजिटिव

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 32 नए केस मिले हैं। सबसे ज्यादा 16 मरीज जयपुर में मिले हैं, जिसमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। राज्य में आज रिकवर मरीजों की संख्या भी 32 है। एक्टिव केस 259 हैं। दिसंबर में पिछले 18 दिन की रिपोर्ट देखे तो अब तक कुल 436 केस आ चुके हैं, जो पिछले 4 महीने में सबसे ज्यादा केस है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान की रिपोर्ट देखें तो शनिवार को जयपुर के अलावा अजमेर, उदयपुर में 3-3, पाली, कोटा, भीलवाड़ा, बाड़मेर में 2-2 और हनुमानगढ़, झुंझुनूं में एक-एक मरीज मिला है। जयपुर सीएमएचओ से मिली रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर में आज 16 मरीज मिले हैं, जिसमें 3 बच्चे शामिल है। इसमें एक बच्चा ढाई साल का है, जो असिम्प्टोमटिक बताया जा रहा है। जयपुर में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 111 पर पहुंच गई। राज्य में अब तक की स्थिति देखे तो कोरोना संक्रमण से पूरे प्रदेश में 9 लाख 55,221 लोग बीमार हो चुके है, जिसमें से 9 लाख 46,002 मरीज रिकवर हो गए, जबकि 8960 मरीजों की जान जा चुकी है।

# सुसाइड,बीएससी फाइनल ईयर के एक छात्र ने रेलिंग से फंदा लगाकर सुसाइड

## डचकी निवासी मृतक डूंगरपुर में चाचा के साथ किराए के कमरे में रहता था



**डूंगरपुर।** शहर में शुक्रवार रात को बीएससी फाइनल ईयर के एक छात्र ने रेलिंग से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक गार्डन के कमरे में अपने भाई और चाचा के साथ किराए पर रहता था। युवक पढ़ाई करने के साथ ही कैटरिंग का काम भी करता था। मृतक के पिता ने कहा कि उसका बेटा ऐसी हरकत नहीं कर सकता है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल सुसाइड करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। कोतवाली थाना एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि डचकी निवासी भेरू कलासुआ (21) पुत्र रमेश कलासुआ बीएससी फाइनल ईयर में पढ़ाई करता था। वह बंद पड़ी ज्ञानसरोवर वाटिका में किराए के कमरे में रहता था और कैटरिंग का काम कर खुद का खर्चा भी निकालता था। उसके साथ चाचा पंकज कलासुआ भी रहता था। चाचा और भतीजा दोनों एक ही क्लास में पढ़ाई करते थे। उसके साथ रमेश खराड़ी निवासी अन्नपुरा भी उसी कमरे में रहता था। वहीं भेरू का छोटा भाई पोपट कलासुआ (19) भी वाटिका में ही दूसरे कमरे में रहता था। पोपट 12वीं कक्षा में पढ़ता है।मृतक के चाचा पंकज ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद वे पढ़ाई कर रहे थे। उसी समय भेरू के मोबाइल पर किसी लड़की का फोन आया तो वह बात करने के लिए बाहर निकल गया। रात करीब 11.30 बजे भेरू वापस कमरे में आया और फिर तीनों सो गए।

सुबह दूसरे कमरे में सोया छोटा भाई पोपट अपने बड़े भाई को उठाने के लिए गया, तो भेरू रेलिंग पर फंदे से लटका मिला। उसके चिल्लाने पर कमरे में पंकज और रमेश मौके पर पहुंचे और भेरू को फंदे से नीचे उतारा। पंकज ने बताया कि किसी लड़की को लेकर भेरू कुछ दिनों से टेंशन में चल रहा था। पुलिस ने जांच के लिए भेरू का मोबाइल जब्त किया है, जिसकी जांच के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकता है।

## बच्चे का शव अस्पताल में छोड़कर चले गए माता-पिता, पुलिस तलाश में जुटीप्री-मैच्योर डिलीवरी के बाद बिगड़ी थी नवजात की तबीयत, इलाज के दौरान हुई मौत

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में प्री मैच्योर डिलीवरी के बाद नवजात की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद माता-पिता उसे अस्पताल में छोड़कर भाग गए। मामले में अब कोतवाली पुलिस नवजात के माता-पिता की तलाश कर रही है।बांसवाड़ा जिले के बड़वेल गांव के रहने वाली पुष्पा पारगी गर्भवती थी।

गुरुवार देर रात उसके पेट मे दर्द शुरू हो गया तो पति मुकेश पारगी उसे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर आया। यहां एमसीएच गायनिक वार्ड में पुष्पा को भर्ती कर लिया और इलाज भी शुरू कर दिया। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे पुष्पा के 7 महीने के प्री मैच्योर डिलीवरी हुई और उसने बच्चे को जन्म दिया। नवजात कमजोर होने से उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर डॉक्टर ने बच्चे का इलाज भी शुरू कर दिया। रात करीब 9 बजे भर्ती बच्चे की मौत हो गई।

बच्चे की मौत के बाद परिवार के लोग उसके शव को साथ ले जाने की बजाय हॉस्पिटल में ही छोड़कर भाग गए। शनिवार सुबह बच्चे की मां पुष्पा और पिता मुकेश पारगी हॉस्पिटल से गायब हो गए। हॉस्पिटल स्टाफ ने बच्चे के माता-पिता को कई बार पुकारा और वार्डों में खोजा, लेकिन पता नहीं लगा। इस पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलेश गोठी ने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद से सांस लेने में तकलीफ थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। माता-पिता और परिजन शव को हॉस्पिटल में छोड़कर भाग गए हैं। कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी है। बच्चे के शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया है।

## डूंगरपुर- सीएम गहलोत ने 'सफलता के सोपान' बुक का अवलोकन किया



**जयपुर।** राज्य की कांग्रेस सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उन्होंने डूंगरपुर कलक्टर सुरेश कुमार ओला व मुख्यकार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया के निर्देशन में जिला परिषद डूंगरपुर द्वारा तैयार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिले में बेस्ट कार्यो को लेकर तैयार एलबम सफलता के सोपान का अवलोकन किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के प्रमुख शासन सचिव अर्पणा अरोड़ा, शासन सचिव केके पाठक, आयुक्त ईजीएस अभिषेक भगोटिया, निदेशक जलग्रहण विकास व भू संरक्षण निदेशक आशीष गुप्ता,अधिक्षण अभियंता केके शर्मा, अधिशासी अभियंता भास्कर दत्त त्रिपाठी, रमेश जेन, आईईसी समन्वयक महेश जोशी डूंगरपुर उपस्थित रहे।

## 30 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों का हेल्थ कार्ड बनेगा

### - बीपी, शुगर, कैंसर समेत 6 तरह की रूटीन बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को उनके घर पर ही दवाइयां मिलेगी

### - अब तक 66 हजार 891 घरों का सर्वे पूरा कर लिया है

**डूंगरपुर।** स्वास्थ्य विभाग 30 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों का हेल्थ कार्ड बनाएगा। इस कार्ड के साथ लोगों की सभी पुरानी और लगातार चल रही बीमारियों के साथ उनकी दवाइयों का बायोडाटा बनेगा। बीपी, शुगर, कैंसर समेत 6 तरह की रूटीन बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को उनके घर पर ही दवाइयां मिलेगी। वहीं ऐसे मरीज जिनके ऑपरेशन की जरूरत है, उनका मुफ्त में ऑपरेशन भी होगा। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के तहत 30 साल और इससे अधिक उम्र के सभी लोगों की हेल्थ आईडी बनेगी। इस आईडी से सभी लोगों के बीपी, शुगर, कैंसर, अस्थमा और स्ट्रॉक के अलावा सभी तरह की बीमारियों का एक डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस कार्ड से कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी अस्पताल में इलाज करवा सकेगा। कार्ड की आईडी से उस मरीज की बीमारियों का पूरा डाटा सामने आ जाएगा। यह कार्ड आधार कार्ड से भी जुड़ा रहेगा। इससे डॉक्टर को मरीज की पुरानी बीमारियों और डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों का पता चल सकेगा। सीएमएचओ ने बताया कि जिलेभर के सभी सीएचसी और पीएचसी पर ऑनलाइन हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे है। इसके लिए 30 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति को अपना आधार कार्ड लेकर जाना होगा और हाथों-हाथ यह कार्ड तैयार हो जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि बीपी, शुगर, कैंसर, अस्थमा और हार्ट से जूझ रहे मरीजों को हर महीने दवाई की जरूरत रहती है। उनकी एक तरह की दवाई ही चलती है। ऐसे मरीजों का डेटा तैयार होते ही उनका पूरा रिकॉर्ड रहेगा और उनके एड्रेस पर रूटीन चल रही दवाइयों को भिजवाया जा सकेगा। सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों की मदद से उन मरीजों के घरों तक दवाई पहुंचाने का इंतजाम किया जा रहा है, जिसका फायदा कई मरीजों को मिलेगा। सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों की टीमों ने अब तक 66 हजार 891 घरों का सर्वे पूरा कर लिया है। इसमें 2 लाख 64 हजार 29 लोगों का सर्वे किया गया है। इसमें बीपी के 2 हजार 988, शुगर के 1 हजार 349, बीपी और शुगर दोनों के 278, कैंसर के 3, सीवीडी कार्डियोलॉजी का 1 मरीज मिला है। वहीं बीपी के 26 हजार 360, शुगर के 12 हजार 184, बीपी-शुगर दोनों के 4 हजार 984, ब्रेस्ट कैंसर के 405, ऑरल कैंसर के 1 हजार 126, सर्वाइकल कैंसर के 393 संदिग्ध मरीज है। इन मरीजों की प्रत्येक 3 महीनों में रूटीन जांच कर बीमारी की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। अगर इन मरीजों में बीमारी मिलती है तो दवाइयां शुरू कर दी जाएगी




## चितरी थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का पर्दाफाश

**चितरी।** चितरी पुलिस ने क्षेत्र में हुई मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का पर्दाफाश किया है। चितरी थानाधिकारी गोविंद सिह चौहानने बताया कि प्रार्थी डायालाल पिता गोकलजी पाटीदार निवासी बडगी थाना चितरी ने 4 दिसंबर मोटर साईकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दर्ज रिपोर्ट पर जांच शुरू कर अभियुक्त प्रभुलाल पिता नारायण जाति राणा मीणा उम्र 22 वर्ष पेशा मजदुरी निवासी बार वेजणिया थाना चितरी को गिरफतार की या गया। पुछताछ करने पर मोटरसाईकिल चोरी की वारदात करना स्वीकार की गई।

## युवाओं ने किया पालिकाध्यक्ष खोड़निया का सम्मान



**सागवाड़ा।** प्रशासन शहरों के संग अभियान में सागवाड़ा नगर पालिका को संभाग में चौथा स्थान मिलने पर युवाओं ने पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया का सम्मान किया। नगर के युवाओं ने पालिका के 10 माह के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों को लेकर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया का माल्यार्पण कर सम्मान किया। नपाध्यक्ष खोड़निया ने इस अवसर पर नगर में स्वच्छता को लेकर युवाओं को आगे आने की बात कही। इस अवसर पर राहुल सेवक, भावेश पंड्या, पार्षद इंद्रजीत मकवाना, विशाल यादव, शुभम सुथार व अन्य युवा मौजूद रहे।

## हिरन नदी में अतिक्रमण के मामले में कुशलगढ़ नपाध्यक्ष और ईओ के खिलाफ प्रकरण दर्ज एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने की जांच

**बांसवाड़ा।** कुशलगढ़ होकर गुजरती हिरन नदी में रिंगवाल निर्माण को लेकर हुए अतिक्रमण के मामले में स्थानीय तहसील कार्यालय ने नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईड़ा और ईओ प्रभुलाल भाभौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही दोनों जिम्मेदारों को धारा 91 के तहत नोटिस भी जारी किया। इससे पहले एसडीएम बद्रीलाल सुथार के निर्देश पर तहसीलदार नितिन मेरावत एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों ने रिंगवाल क्षेत्र की नपती की थी। इसमें नदी क्षेत्र में 40 फीट तक अतिक्रमण की पुष्टि हुई।कुशलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के पांडवासाथ का है, जहां एक महीने पहले पालिका ने करीब 25 लाख रिंगवाल निर्माण कार्य को मंजूरी दी थी। इसके बाद प्लान के मुताबिक यहां करीब 100 मीटर हिस्से में निर्माण कार्य की शुरुआत हुई, जो करीब 80 मीटर तक बन चुकी है। निर्माण के दौरान ही अतिक्रमण का मुद्दा भी यहां गरमा गया। पिछले महीने कुशगलढ़ यात्रा पर आए CM अशोक गहलोत को भी लोगों ने इस मामले में शिकायत की थी। शिकायत करने में खुद सत्तापक्ष के पार्षद भी शामिल थे।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सामुदायिक पुलिसिंग महत्वपूर्ण नवाचार

## जिला पुलिस द्वारा पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों सुरक्षा सखियों की एक दिवसीय कार्यशाला



**डूंगरपुर।** डूंरगपुर पुलिस तथा यूनिसेफ राजस्थान के साझे में संचालितलित कम्युनिटी पुलिसिंग टू बिल्ड अवेयरनेस एण्ड टस्ट कार्यक्रम अर्न्तगत जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों तथा सुरक्षा सखियों का बाल संरक्षण और यातायात सुरक्षा विषय पर आमुखीकरण कार्यशाला हुई। जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी जी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक - अनिल मीणा जी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि विषेश न्यायालय के न्यायाधीश संजय भटनागर ने प्रतिभागियों को पीडीतों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के ग्राम स्तर पर पंहुचाने में पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों तथा सुरक्षा सखियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ने समाज के रूप में पुलिस थानों पर जुडे हुए सामाजिक प्रतिनिधियों तथा सामुदायिक पुलिसिंग के तत्वों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर द्वारा न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया गया। प्राधिकरण के सचिव अमित सहलोत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीडीत प्रतिकर योजनाओं की जानकारी तथा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं उनको आमजन तक पहुंचाने में पुलिस मित्रों की भूमिका के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यशला के दौरान पुलिस अधीक्षक - सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में बालक और किशोर वर्ग से संबंधित मुख्य समस्याओं में यातायात नियमों की अनदेखी , बाल श्रम और पलायन तथा नषावृति प्रमुख समस्याओं के रूप में सामने आती है।

चयनित पुलिस मित्रों , ग्राम रक्षकों और सुरक्षा सखियों द्वारा थाना स्तर पर किए जा रहे अच्छे प्रयासों की सराहना करते हुए यातायात सुरक्षा और बाल संरक्षण से संबंधित कार्यषाला में विडीयों और नुक्कड नाटक के माध्यम से दिए गए संदेश को थाना स्तर पर आमजन में प्रसारित करने तथा किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना पुलिस को देने के साथ अपने कर्तवयों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अपराध एवं अनुसंधान सुरेश सावरियां न जिले में महिला एवं बालिका सुरक्षा पर समुदाय की भूमिका पर जानकारी दी।

## शोक संदेश



पिता की मौजूदगी सूरज की तरह होती है, सूरज गर्म जरूर होता है
लेकिन अगर न हो तो अंधेरा छा जाता है ।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि

**श्री कृष्णलाल जोशी**

का स्वर्गवास दिनांक 16-12-2021 गुरुवार को हो गया है।
हम समस्त परिवारजन उन्हे सह्रदय अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

जिनकी पगड़ी रस्म दि. 27.12.2021 को हमारे निवास स्थान पर रखी गई है।

शोकाकुल :- मंजुला जोशी (पत्नी), चेतना-मयंक जोशी (पुत्र-पुत्रवधु),
रेणु-राजेन्द्र जी, सुलभा-शिवनारायणजी (पुत्री-जमाई), गीता, लक्ष्मी (भाभी), माया-विजयजी,
कल्पना-उमेशजी (बहन-बहनोई), दिप्ती-रोहित, स्वाति-सोनु (पुत्रवधु-पुत्र), मृदुल, कर्नव,
आस्था, दीया, स्वरा (पौत्र, पौत्री), पार्थ, कावि, अर्थ, रिया, दक्ष (दौहित्र) एवं
समस्त जोशी परिवार, खड़गदा, जिला-डूंगरपुर, मो. 8441015101, 9079702488